# फतेहपुर शेखावाटी में पारा लुढ़क कर माइनस 1.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## चूरू में न्यूनतम तापमान 0.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज



चूरू में शुक्रवार सुबह दिन निकलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी।

**चूरू, (कासं)।** चूरू में गत रात्रि को हाड कंपा देने वाली सर्द रात्रि ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। सर्दी का असर दिन में धूप निकलने के बावजूद बना रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यहां का अधिकतम 19.5 व न्यूनतम 0.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं निकटवर्ती सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार यहां का न्यूनतम तापमान माइनस 1.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**■ शीतलहर के आगोश में चल रहा शेखावाटी अंचल**

सर्दी की अधिकता के कारण फतेहपुर शेखावाटी के लोगों की आम दिनचर्या प्रभावित होने के साथ ही जीव जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। सर्द रात्रि में खुले आसमान के नीचे सर्दी का मौसम परेशानी का सबब बना हुआ है।

चूरू में सुबह दिन निकलने के साथ ही पूरा शहर कोहरे की चादर में लिपटा दिखाई दिया। सुबह कोहरे के छा जाने के कारण वाहन चालकों को हैड लाइट जलाकर आगे बढ़ना पड़ा। कोहरे का असर सुबह दस बजे तक रहा। इसके बाद धूप निकलने से सर्दी से मामुली राहत कुछ देर मिली लेकिन दोपहर बारह बजे बाद सर्द हवाओं के चलने से सर्दी का असर दोबारा से बढ़ने लगा। शाम को पांच बजे बाद दिन ढलने तक सर्दी का असर शुरू हो गया। दिनभर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। इन दिनों शाम को छह बजने के साथ ही लोग अलाव तापकर सर्दी दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। इन दिनों पूरा शेखावाटी अंचल सर्दी की चपेट में चल रहा है। पिछले दो दिनों से सर्दी अपना कहर बरपा रही है। जिसके कारण लोग सुबह देरी से अपने घरों से बाहर निकलते हैं और शाम को जल्दी घरों की ओर लौटने का प्रयास करते हैं। दिनभर लोग धूप सेकने का आनंद उठा रहे हैं।

## फसलों को पाला लगने की आशंका

**■ मौसम विभाग ने जारी की शीतलहर की चेतावनी**

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले में सुबह से घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण सड़क पर वाहनों की रफ्हातार धीमी हो गई। प्रदेश में शीतलहर के कारण तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। सर्द हवा चलने से लोगों की कंपकपी छूट रही है। हनुमानगढ़ में भी दिसंबर में पारा लगातार नीचे गिर रहा है।

मौसम पूर्वानुमान में जिले में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना जताई गई थी, लेकिन तापमान गुरुवार रात को ही गिरकर 3 डिग्री पर पहुंच गया। जिले में महज 2 दिन पहले न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और इससे ऊपर बना हुआ था। जिले में शुक्रवार की सुबह घना कोहरा छाने के कारण वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई और ड्राइवरों को लाइट जलाकर गाड़ी चलानी पड़ी। ठंड में ठिठुराते लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग की ओर से शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है।

तापमान में और गिरावट आने के साथ ही 20 दिसंबर तक इसी तरह का मौसम का रहने की संभावना जताई गई है। लगातार गिरते तापमान के बीच किसानों की परेशानी बढ़ गई है। ठंड में फसलों को पाला लगने की आशंका रहती है। इससे बचाव के लिए सिंचाई की सलाह दी जाती है। इस साल किसान सिंचाई पानी की कमी झेल रहे हैं, ऐसे में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अभी सरसों व गेहूं की फसलें पकी नहीं है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक ठंड के साथ धुंध रहती है तो नुकसान नहीं होगा। ठंडी हवा चलने पर फसलें ज्यादा प्रभावित हो सकती है।

# चूरू में जोधपुर डिस्कॉम के दो कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## कृषि कनेक्शन शिफ्ट करने की एवज में मांगे थे 20 हजार रुपये



एसीबी की टीम ने चूरू में जोधपुर डिस्कॉम के दो कर्मचारी गिरफ्तार किए।

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने जोधपुर डिस्कॉम में बड़ी कार्रवाई करते हुए वाणिज्य सहायक व तकनीकी सहायक को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के एएसपी आनंद प्रकाश स्वामी ने बताया कि भानीपुरा में वाणिज्य सहायक मुरारीदास व डिस्कॉम का तकनीकी सहायक मनीष कुमार को बीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी परिवादी से उसकी कृषि भूमि में बिजली कनेक्शन

**■ चाय वाले को दिलवाई रकम**

शिफ्टिंग करने के लिए डिमांड नोटिस जारी करने की एवज में यह रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि साडासर निवासी गोपाल राम की शिकायत पर शुक्रवार को परिवादी जब दफ्तर गया तो मुरारी दास ने स्वयं नहीं लेकर मनीष कुमार तकनीकी सहायक को परिवादी को ले जाकर ई-मित्र वाले राजपाल को दिलवाने की बात कही।

इस पर मनीष कुमार परिवादी को साथ लेकर ई-मित्र की दुकान पर आया परंतु ई मित्र वाले राजपाल के दुकान पर नहीं मिलने के कारण पास की ही चाय की थड़ी वाले रामकरण को परिवादी से रिश्वत राशि राजपाल को देने के लिए दिलवाई गई। इस पर रिश्वत राशि रामकरण से बरामद की गई है। इस दौरान कार्रवाई करने वाली टीम में एएसआई गिरधारीलाल, कांस्टेबल नरेन्द्र, दिलीप कुमार, संदीप, राजपाल, प्रमोद, श्रवण, राकेश, ओमप्रकाश और हिम्मत सिंह शामिल थें।

## नोखा में पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**बीकानेर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुक्रवार को नोखा में पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी से चार हजार रुपए भी बरामद किए हैं, जिस पर ब्यूरो ने पहले ही रंग लगाया हुआ था। पटवारी से नोखा थाने में पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके घर व अन्य ठिकानों पर भी छापा मारा गया है। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई है। दरअसल, ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि नोखा का पटवारी विकास मीणा हर काम के लिए रिश्वत मांग रहा है। मीणा पर नजर रखी गई थी। इसके बाद फिर शिकायत मिली कि म्यूटेशन के लिए चार हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई है। मीणा के फोन को रिकॉर्ड पर रखा गया। शिकायत करने वाले किसान के फोन पर लेन-देन तय हो गया। शुक्रवार को नोखा में ही चार हजार रुपए रिश्वत के रूप में दिए गए। इशारा मिलते ही एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके हाथों को धुलवाया तो उसमें भी रंग लगा हुआ था। मामला उडसर ग्राम पंचायत का है। संपत्ति का पूरी तरह मालिकाना हक पाने के लिए कई कानूनी प्रक्रियाएं अपनानी होती है। अगर परिजनों की ओर से संपत्ति मिलती है तो उसे भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करवाना होता है। किसी अन्य से भी खरीदी गई है तो इसे दर्ज करवाना होता है। पटवारी की रिपोर्ट पर ही ये काम हो पाता है, इसलिए अधिकांश रिश्वत के मामले इसी से जुड़े होते हैं।

## कनिष्ठ अभियंता ने मांगी दो हजार की रिश्वत, गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं.)।** एसीबी उदयपुर की टीम ने पट्टा बनाने के लिए मौका रिपोर्ट तैयार करने के एवज में पीड़ित से दो हजार रूपये रिश्वत लेते नगर निगम उदयपुर में संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक व्यूरों उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि देवाली नीमच माता स्कीम निवासी लोकेश रेगर पुत्र गोपीलाल ने श्रीनाथ कॉलोनी गणेशनगर पायडा यूनिवर्सीटी रोड उदयपुर हॉल नगर निगम में संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता शिवम भट्ट पुत्र हरिश भट्ट के खिलाफ ब्यूरों को रिपोर्ट दी कि प्रशासन शहरों के



संग अभियान में पटटा बनवाने के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद मकान का मौका रिपोर्ट करने की एवज में कनिष्ठ अभियंता शिव भट्ट द्वारा तीन हजार रूपये की मांग कर एक हजार रूपये लेने व शेष नकदी मांग की। जिसका सत्यापन के दौरान पुष्टि हुई थी। इस पर शुक्रवार को पीड़ित ने नगर निगम कार्यालय पहुंच कर दो हजार रूपये पीड़ित को रिश्वत दी थी। इधर इशारा मिलने पर ट्रेपकर्ता भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के पुलिस उपाधीक्षक हेरम्ब जोशी के नेतृत्व में टीम ने आरोपी शिवम भट्ट को रिश्वत लेने गिरफ्तार किया।

## पचेवर कस्बे में नग्न अवस्था में मिला युवक का शव



पचेवर कस्बें में झाड़ियों में मिला युवक का शव।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर कस्बे में पुरानी पुलिस चौकी के पास झाड़ियों में शुक्रवार की सवेरे नग्न अवस्था में लावारिस पड़े मिले युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा घटनास्थल से एफएसएल टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये।

सूचना मिलने पर पचेवर एसएचओ नरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा झाड़ियों में पड़े शव को कब्जे में लिया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल पहुंच मौके पर जमा ग्रामीणों से युवक की शिनाख्त का प्रयास किया। तकरीबन दो घंटे की मशक्कत व पूछताछ के बावजूद युवक की शिनाख्त नहीं होने पर शव को मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। कुछ देर बाद अस्पताल पहुंचे मृतक के भाई नाथु ने युवक की पहचान अपने भाई

**■ पूछताछ के लिए आधा दर्जन हिरासत में**

रामजीलाल वर्मा के रूप में की। जबकि पुलिस अधिकारियों की दो घंटे की पूछताछ के दौरान नाथु घटनास्थल पर ही मौजूद होने के बावजूद युवक की पहचान के बजाय चुप रहा जो कि कई प्रकार के सवालों को जन्म देता है। शव के पास ना तो कपड़े और ना ही कोई संदिग्ध वस्तु पाई गई है। युवक के चेहरे पर चोटों के निशान व शव पूर्ण रूप से निर्वस्त्र होने से पुलिस को जांच की दिशा मिलने के बाद आधा दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। वहीं मृतक के भाई नाथु ने पचेवर थाने में दी रिपोर्ट में उसके भाई की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंकने की जानकारी दे हत्या का मामला दर्ज करवाया है।


## सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 2-2 फेरे चलेगी

**कोटा, (निसं)।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डहर का बालाजी (जयपुर) से साईं नगर शिरडी टर्मिनस डहर का बालाजी के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह रेलगाड़ी कोटा मंडल के सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानी मंडी, शामगढ़ रेलवे स्टेशनों पर भी ठहरेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि गाड़ी संख्या 09739 डहर का बालाजी (जयपुर) से आगामी 27 दिसंबर एवं 3 जनवरी को सोमवार के दिन 2-2 फेरे लगाएगी। यह रेलगाड़ी सोमवार को दोपहर 12.40 बजे डहर का बालाजी से प्रस्थान करके, सवाई माधोपुर से दोपहर 3.35 बजे, कोटा में शाम 4.50 बजे आकर 5.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा रामगंज मंडी से 5.55 बजे, भवानी मंडी से 6.17 बजे, तथा शामगढ़ से 6.45 बजे प्रस्थान कर के दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 1.00 बजे साईं नगर शिरडी टर्मिनस पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09740 दिनांक 28 दिसंबर एवं 4 जनवरी मंगलवार को 2-2 फेरे चलाई जाएगी। यह ट्रेन साईं नगर शिरडी टर्मिनस से मंगलवार को शाम 6.30 बजे प्रस्थान करके दूसरे दिन शामगढ़ से प्रातः 11.15 बजे, भवानी मंडी से 11.40 बजे, रामगंज मंडी से 12.05 बजे, कोटा में दोपहर 1.10 बजे आकर 1.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा सवाई माधोपुर से दोपहर 3.15 बजे, प्रस्थान करके डहर का बालाजी बुधवार को शाम 5.40 बजे पहुंचेगी।

## साढ़े सोलह लाख रुपये की स्मैक जब्त, दो गिरफ्तार



हिण्डौन पुलिस की गिरफ्त में तस्करी के आरोपी।

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** नई मंडी थाना पुलिस ने साइबर सेल वेडीएससी टीम की मदद से शुक्रवार को भी एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए साढ़े सोलह लाख की स्मैक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक करौली मृदुल कच्छावा ने बताया कि साइबर सेल, डीएसटी टीम एवं थानाधिकारी नई मण्डी गिर्राज प्रसाद पुलिस निरीक्षक मय टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बाजना फाटक पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान रेलवे स्टेशन की तरफ से दो व्यक्ति पटरियों के किनारे-किनारे आते हुए दिखाई दिये। जिन्हें सन्देह के आधार पर हिरासत में लेकर नाम पता पूछा तो एक ने अपना भूरा सैनी निवासी हिण्डौन सिटी बताया जिसकी तलाशी ली गई तो 60 ग्राम अवैध स्मैक मिली। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम संजय मीना भरतपुर का होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली। इस प्रकार इन दोनों व्यक्तियों से कुल 110 ग्राम स्मैक को मौके पर जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## आरएएस मुख्य परीक्षा 2018 की उत्तर पुस्तिकाएं अपलोड होंगी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा-2018 की उत्तर-पुस्तिकाएं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अभ्यर्थियों के अवलोकन के लिए आयोग की वेबसाइट पर 10 जनवरी से 30 अप्रेल 2022 तक अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है।

सचिव एचएल अटल ने बताया कि जो अभ्यर्थी सूचना का अधिकार के तहत स्वयं की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहते हैं, वे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत ऑफलाइन प्रार्थना-पत्र निर्धारित शुल्क 10 रुपए के साथ 20 दिसम्बर 2021 से 31 मार्च 2022 तक आयोग कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें। जिन अभ्यर्थियों के प्रार्थना-पत्र 31 मार्च 2022 तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जायेंगे उनकी उत्तर पुस्तिकाएं आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी जायेंगी। 31 मार्च 2022 के बाद प्राप्त किसी भी प्रार्थना-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

## 21 को वसुंधरा राजे का अलवर में दौरा

**अलवर, (निसं)।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के 21 दिसंबर को अलवर आगमन को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी सहित तमाम भाजपा के आला नेताओं ने केंद्रीय स्कूल में बने हेलीपैड का निरीक्षण किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी के साथ जयपुर से आए पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा, पूर्व जयपुर जिला अध्यक्ष संजय जैन, पूर्व मंत्री डॉ जसवंत यादव, पूर्व मंत्री डॉ रोहतास शर्मा, विधायक संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष संजय नरूका, पूर्व विधायक जयराम जाटव, नगर परिषद के प्रतिपक्ष नेता सतीश यादव, बीजेपी युवा मोर्चा से पूर्व अध्यक्ष जले पंडित सहित तमाम भाजपा के नेता सदस्य मौजूद रहे।


# खेलमंत्री अशोक चांदना ने किए दो गोल, एक-दूसरे के विरुद्ध अली बन्धुओं का शानदार खेल

## जोधपुर पोलो-2021 : राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल)

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 22वें जोधपुर पोलो सीजन 2021 में शुक्रवार 17 दिसम्बर को मेहरानगढ़ बैण्ड की सुमधुर सुर लहरियों के साथ राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल) टूर्नामेंट शुरु हुआ।

पहले दिन दोपहर 3 बजे अचीवर्स डीबी रियल्टी व रजनीगंधा अचीवर्स टीमों के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच खेला गया जिसमें अचीवर्स डीबी रियल्टी टीम ने विपक्षी टीम को सात के मुकाबले साढ़े आठ गोल कर डेढ़ गोल के अन्तर से जीत दर्ज की। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के मुख्य संरक्षक हिज हाईनेस महाराजा गजसिंह जी मैदान में उपस्थित थे। विक्रम राठौड़ ने गेंद फेंककर मैच का खेल शुरू करवाया।

अचीवर्स डीबी रियल्टी टीम से खेल रहे राज्य के खेल मंत्री अशोक चांदना ने भी मैदान में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। चांदना ने पहले चक्कर में मैच की शुरूआत होते ही विपक्षी टीम के विरुद्ध पहला गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। उन्होंने दूसरा गोल तीसरे चक्कर में किया।



जोधपुर पोलो सीजन 2021 में राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल) टूर्नामेंट शुरू हुआ।

**■ कांटे के मुकाबले में अचीवर्स डीबी रियल्टी ने रजनीगंधा अचीवर्स को डेढ़ गोल के अन्तर से हराया**

जोधपुर पोलो एवं इक्विस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव कर्नल उम्मेदसिंह ने बताया कि इस मैच में सैय्यद शमशेर अली व सैय्यद बशीर अली जो दोनों भाई हैं ने एक-दूसरे के विरुद्ध विपक्षी टीमों से खेल खेला। दोनों ही भाइयों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अन्तिम समय तक मैच को काफी रोमांचक बनाए रखा शमशेर ने मैच के दौरान कुल पांच गोल जबकि बशीर ने चार गोल किए। अचीवर्स डीबी रियल्टी टीम की ओर से खेलते हुए टीम के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सैय्यद शमशेर अली ने पहले व चौथे चक्कर में दो-दो गोल व तीसरे चक्कर में एक गोल किया।

मैच के अम्पायर उदय कलान व कर्नल रवि राठौड़ वीएसएम (से.नि.) थे जबकि रैफरी सिमरनसिंह शेरगिल व मैच की कामेन्ट्री सिद्धार्थसिंह रोहिट व अविजितसिंह रोहिट ने संयुक्त रूप से की। शनिवार 18 दिसम्बर राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (10 गोल) टूर्नामेंट के दूसरे दिन का मैच जोधपुर व पोलो फैक्ट्री 61 कैवेलरी के बीच दोपहर 3 बजे खेला जायेगा।

## पावटा में बेजुबानों पर गर्म पानी और एसिड अटैक

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा में एक सांड को गर्म पानी या तेजाब से जलाया गया है। श्री राम गौ सेवा समिति कार्यकर्ताओं ने जख्मी सांड को देख एलएसए गोविंद भारद्वाज को सूचित किया लेकिन पकड़ में नहीं आने की वजह से उसका इलाज नहीं हो पाया। वहीं गौ भक्तों का कहना है कि पावटा व आसपास के क्षेत्रों में बेजुबानों पर एसिड अटैक की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

**■ अराजक तत्वों की करतूत से गौ भक्तों में आक्रोश**

गुरुवार को अराजक तत्वों ने एक सांड पर तेजाब डालकर जला दिया। वहीं मौके पर पहुंचे गौ भक्तो प्रहलाद सैन, विनय, धीरज, लोकेश टांक, हिमांशु, अमित, विजय, सोहन, अमन, गोविंद भारद्वाज ने बताया कि एक ओर जहां लोग जीव सेवा में अपना सब कुछ लगा देते हैं, उसी समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो इन बेजुबानों पर अत्याचार करते हैं और निर्मम हत्या करते हैं। ऐसी ही दर्दनाक घटनाएं आए दिन नगरपालिका मण्डल पावटा प्रागपुरा में देखने को मिल रही हैं।

## कांग्रेस सरकार के तीन साल, ढाक के तीन पात: राज्यवर्धन

**जयपुर, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद जयपुर ग्रामीण कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन साल को ढाक के तीन पात बताया है। उन्होंने कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तीन साल पूरे करने पर उत्सव नहीं शोक मनाना चाहिए। पूरे देश में बिजली-पेट्रोल सबसे महंगे राजस्थान में ही हैं जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस के शासन ने राजस्थान को पांच साल पीछे धकेल दिया है। विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने जनता से बड़े-बड़े वादे कर प्रदेश में सरकार बनाई थी, लेकिन आज भी युवा रोजगार और बेरोजगारी भत्ते के लिए तरस रहें है, किसानों को ऋण माफी का इंतजार है, समाज के प्रत्येक वर्ग में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है।

प्रदेश में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, बच्चे और महिलाएं असुरक्षित है, सड़कों पर गुण्डाराज है जिससे जनता का प्रशासन से विश्वास उठ चुका है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा प्रदेश में किसानों द्वारा पानी और युवाओं द्वारा रोजगार मांगने पर लाठी चार्ज किया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल गिरोह के बढ़ते जाल और सरकार की नाकामी के चलते लाखों लंबित भर्तियों

- **युवाओं को नहीं मिला रोजगार, किसान कर रहे हैं ऋण माफी का इंतजार**
- **'बिजली-पेट्रोल प्रदेश में सबसे महंगे, भुगत रही है जनता'**
- **'कानून व्यवस्था ठप, महिला अपराधों में राजस्थान अव्वल'**

से युवा आंदोलन करने को मजबूर है राजस्थान में बेरोजगारी दर 27.3 प्रतिशत है जो देश में सबसे अधिक है। कर्नल ने कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार तीन साल सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने की रणनीति बनाने में ही जुटी रही, इससे विकास कार्य ठप हो गए, प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है जो व्यक्ति कानून को मानकर उसका पालन करता है वह घबरा रहा है और कानून तोड़ने वाले मजबूत हो रहे हैं।